Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर में खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 अंक-25 सांगवाड़ा,शनिवार,9 अक्टूबर, 2022 भाषा : हिन्दी ई-पेपर अवधिः(वार्षिक) मूल्य-10 रु. पृष्ठ-1

# बोरे में हाथ-पैर बांधकर ले जा रहे थे नाबालिग लड़के को, लोगों को आता देख भागे बदमाश

## नाबालिग को किडनैप कर ले जाते समय फिसली बाइक, लेन देन का मामला बताया जा रहा है

**सागवाडा।** डूंगरपुर के चितरी थाना इलाके में एक नाबालिग के हाथ पैर बांधकर किडनैप करने का मामला सामने आया है। आरोपी नाबालिग को बोरे में डालकर ले जा रहे थे। उसी दौरान बाइक फिसलने से वे नीचे गिर गए। वहीं लोगों को अपने पास आते देख बदमाश नाबालिग को छोड़कर फरार हो गए। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। चितरी थानाधिकारी गोविंद सिंह ने बताया कि नादिया निवासी एक नाबालिग ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। नाबालिग ने बताया कि उसके दोस्त सुरेश लबाना निवासी बोर ने



उसे फोन कर गोरेश्वर के पास बुलाया। वह और उसका दोस्त बुनकर दोनों गोरेश्वर गए। जहां सुरेश ने दोस्त बुनकर को वापस भेज दिया और नाबालिग को लेकर एक स्कूल के पीछे गया। जहां पर करीब 4 लोग पहले से खड़े थे। सभी लोगों ने उसे पकड़ लिया और फिर उसके हाथ-पैर बांध दिए। इसके बाद एक टाट के बोरे में उसे डाल दिया। बोरे को बाइक पर पकड़कर उसे कहीं ले जा रहे थे। उसी दौरान कानपुर गांव के पास बदमाशों की बाइक एक गड्ढे के पास स्लीप हो गई। इससे बोरे में बंद नाबालिग एक पानी भरे गड्ढे में गिर गया। बाइक को स्लीप देखकर लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। जिसके बाद लोगों को देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। लोगों ने बोरे को खोलकर देखा तो उसमें हाथ-पैर बांधे नाबालिग दिखा। लोगों ने हाथ पैर खोले तो नाबालिग ने पूरी घटना बताई। जिसके बाद लोगों ने इस बात की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर चितरी थानाधिकारी गोविंद सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। थानाधिकारी ने बताया कि मामला लेनदेन को लेकर बताया जा रहा है। वहीं पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

# पिता की हत्या के आरोपी बेटा गिरफ्तार

**डूंगरपुर ।** जिले की रामसागडा थाना पुलिस ने रामपुर मेवाड़ा गाँव में हुई पिता की हत्या के आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया हैं। आरोपी बेटे ने हत्या की वारदात कबूल कर ली है। रामसागडा थानाधिकारी अमृतलाल मीणा ने बताया की 3 अक्टूबर को रात रामपुर मेवाड़ा निवासी धुला भगोरा अपनी अपनी पत्नी मंजुला के साथ मारपीट करने लगा। मंजुला भागकर उसके देवर प्रवीन के घर चली गई। मंजुला के पीछे पीछे धुला भी लट्ठ लेकर आया और भाभी मंजुला के साथ मारपीट करने लगा। इस पर बुजुर्ग पिता हुरमा बीच बचाव के लिए गए तो धुला ने उनके सिर पर भी लट्ठ से हमला कर दिया। घायल हरम की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। वही आरोपी फरार हो गया था। आरोपी धुला का सुराग लगने पर पुलिस रेल्लावाडा गाँव पहुची और उसे डिटेंन कर लिया7 वही पूछताछ में आरोपी बेटे अपने पिता धुला उर्फ धूलेश्वर ने लट्ठ मारकर हत्या की वारदात कबूल कर ली है।

# वागड़ महोत्सव 4 से 6 नवंबर तक, स्थापना दिवस पर होगा आयोजन

## डूंगरपुर, सागवाड़ा और देवसोमनाथ में होंगे कार्यक्रम

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर के स्थापना दिवस पर 3 दिवसीय वागड़ महोत्सव 4 से 6 नवंबर को आयोजन किया जाएगा। वागड़ महोत्सव की तैयारियों को लेकर एडीएम हेमेन्द्र नागर की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई, जिसमें तीन दिवसीय कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करते हुए व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।एडीएम हेमेन्द्र नागर ने बताया की 4 नवंबर को उद्घाटन के दिन शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में सम्मिलित होने वाले बैंड, कलाकारों, दीपदान, आतिशबाजी, सांस्कृतिक संध्या, रंगोली, मेहंदी, खेल के आयोजन होंगे।

सागवाड़ा ओर देव सोमनाथ महादेव मंदिर पर होने वाले कार्यक्रमों आदि की व्यवस्थाओं को लेकर प्रभारी अधिकारी एवं विभागवार जिम्मेदारी तय करते हुए व्यवस्थाओं के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वागड़ महोत्सव को पूरे धूमधाम और उत्साह से मनाया जाएगा। उन्होंने तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत पश्चिमी सांस्कृतिक केंद्र के कलाकारों के कार्यक्रम, स्थानीय स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की भी चर्चा की।

स्थानीय कार्यक्रमों के चयन के लिए कमेटी गठन के निर्देश प्रदान किए। एडीएम हेमेंद्र नागर ने वागड़ महोत्सव के दौरान शहर के प्रमुख चौराहों, गैपसागर की पाल, वॉर म्यूजियम, बादल महल, लक्ष्मण मैदान सहित प्रमुख स्थानों एवं जिला कलेक्ट्रेट ऑफिस की सजावट के लिए नगर परिषद डूंगरपुर को निर्देश दिए गए हैं।

# राहगीरों को परेशान करने वाले 5 बदमाश गिरफ्तार

## शराब के लिए मांगते थे रुपए, नहीं देने पर मचाते थे हंगामा

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर में साबला थाना पुलिस ने शराब पीकर सड़कों पर हंगामा करने और राहगीरों को परेशान करने वाले 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस पांचों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। बदमाश गाड़ियों को रोककर वाहन ड्राइवरों से शराब पीने के लिए रुपए मांगते थे।साबला थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया कि थाना क्षेत्र में प्रमुख धार्मिक स्थल विजवा माता जाने वाले रोड पर आए दिन कुछ बदमाश लोगों को परेशान कर रहे थे। 6 अक्टूबर को दशहरे के दिन लोगों ने शिकायत दी थी कि विजवामाता रोड पर कुछ बदमाश शराब के नशे में हंगामा कर रहे है। बदमाश गाड़ियों को रोककर वाहन ड्राइवरों से शराब पीने के लिए रुपए मांग रहे हैं।

शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो गए थे। मामले में शनिवार को साबला थाना पुलिस ने ओडा गांव निवासी 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी भरत (23) पुत्र पालिया बारगोट मीणा, बंशीलाल (18) पुत्र प्रेमला बरगोट मीणा, भीमराज (23) पुत्र लक्ष्मण बरोड़ मीणा, शांतिलाल (18) पुत्र शंकर बरोड़ मीणा और पपिया उर्फ पप्पू उर्फ पंकज पुत्र हीरालाल उर्फ हरीश बरगोट मीणा निवासी ओडा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले में पांचों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# सागवाड़ा के राजकीय अस्पताल में एक्सरे मशीन प्रारम्भ

**सागवाड़ा।** नगर के पंडित दीनदयाल राजकीय अस्पताल में नई एक्सरे मशीन का शुभारंभ हुआ।

लंबे समय के इंतजार के बाद अस्पताल को शनिवार को नई एक्स-रे मशीन की शुरुआत हुई। अस्पताल में लंबे समय से एक्स-रे मशीन खराब होने की वजह से मरीजों को अस्पताल के बाहर निजी लेब से एक्स-रे करवाना पड़ रहा था, जिसके चलते मरीजों को अतिरिक्त भुगतान करना पड़ रहा था। अब अस्पताल में एक्सरे मशीन उपलब्ध होने के बाद मरीजों को अब निजी लेब का खर्च नहीं उठाना पड़ेगा। अब एक्सरे मशीन का लोकार्पण कर दिए जाने से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में मरीजों को एक्स-रे सुविधा मिलेगी।

# मुख्यमंत्री ने पैलेस ऑन व्हील्स को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## शाही रेल का पुन: संचालन हमारे लिए गर्व की बात : मुख्यमंत्री

- कोविड-19 महामारी के कारण मार्च 2020 से बंद था संचालन
- आरटीडीसी व पर्यटन विभाग की सकारात्मक पहल से ट्रेन पुनः शुरू

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को गांधीनगर रेलवे स्टेशन पर पैलेस ऑन व्हील्स शाही ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गहलोत ने कहा कि पैलेस ऑन व्हील्स शाही रेलगाड़ी पर्यटन के क्षेत्र में दुनिया में एक मिसाल है। पिछले 40 वर्षों से चल रही इस ट्रेन का 2 वर्षों के अन्तराल के बाद पुन: प्रारम्भ होना एक शुभ संकेत है। यह इंगित करता है कि आने वाले दिनों में प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र और मजबूती के साथ उभरेगा। मुख्यमंत्री ने रवानगी से पहले पैलेस ऑन व्हील्स शाही ट्रेन का अवलोकन कर सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने यात्रियों को मंगलमय सफर के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पैलेस ऑन व्हील्स का पुन: संचालन हमारे लिए गर्व की बात है। शाही रेल में राजस्थान की हेरिटेज और सांस्कृतिक परम्परा को देखकर देश-विदेश के पर्यटक रोमांचित हो जाते हैं।



उन्होंने कहा कि रेलवे और आरटीडीसी के संयुक्त तत्वावधान में इस ट्रेन में आधुनिक साज-सज्जा और सभी पर्यटक सुख-सुविधाओं का समावेश किया गया है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण इस शाही रेल का संचालन करीब 2 वर्षों से बंद रहा। आरटीडीसी व पर्यटन विभाग की सकारात्मक पहल से यह ट्रेन पुन: शुरू हो रही है। श्री गहलोत ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया है और अनेक प्रकार की रियायतें दी जा रही हैं।

पर्यटन की दृष्टि से राजस्थान की पुरानी हवेलियां, गढ़, किले और रेगिस्तान के साथ लोक कलाएं, हस्तशिल्प आदि की दुनिया भर में खास पहचान है। वर्ष 2022-23 के बजट में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 1000 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में राजस्थान देश का सबसे सम्पन्न प्रदेश है और दिल्ली-आगरा के बाद विदेशी पर्यटक राजस्थान आना पसन्द करते हैं। यहां स्वदेशी पर्यटन की समृद्ध परम्परा रही है।

उल्लेखनीय है कि प्रथम शाही रेल वर्ष 1982 में प्रारंभ हुई थी। रेलवे द्वारा समय-समय पर रेल की गेज परिवर्तन के फलस्वरूप मीटर गेज से ब्रॉड गेज ट्रेन वर्ष 1991 में दूसरी और 1995 में तीसरी शाही रेल का निर्माण किया गया। शाही रेलगाड़ी का दिल्ली व आगरा के अलावा राजस्थान के खूबसूरत शहरों जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर तथा भरतपुर का सफर सात दिन का देशी और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करेगा। राजस्थान के गौरवशाली इतिहास के दर्शन कराती इस शाही रेल का सफर देशी और विदेशी पर्यटकों को आनंदित करता है। यहां पर पर्यटक अपने आप को राजसी माहौल में पाता है। इसमें आवभगत, स्वादिष्ट व्यंजन और पर्यटन निगम के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की सेवा भावना व अतिथि सत्कार को देखकर पर्यटक रोमांचित होते हैं।

इस अवसर पर पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत, आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेन्द्र राठौड़, पर्यटन राज्य मंत्री मुरारी लाल मीणा, राजस्थान राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष रफीक खान, विधायक बलजीत यादव, रीको चेयरमेन कुलदीप रांका, प्रमुख शासन सचिव पर्यटन गायत्री राठौड़, आरटीडीसी के प्रबंध निदेशक विजयपाल सिंह, निदेशक पर्यटन रश्मि शर्मा, भारतीय रेलवे के सीनियर डीसीएम मुकेश सैनी व एडीआरएम मनीष गोयल सहित विभाग के उच्चाधिकारी व आमजन उपस्थित थे।

# हार्टफुलनेस संस्थान के वैश्विक प्रमुख दाजी ने अभ्यासियों को शाम के सत्र में कराया मेडिटेशन

## फोरेस्ट बाय हार्टफुलनेस अभियान की शुरुआत की

**सागवाड़ा।** हार्टफुलनेस संस्थान के वैश्विक मार्गदर्शक प्रमुख एवं श्रीरामचंद्र मिशन के अध्यक्ष कमलेश डी पटेल (दाजी) ने शुक्रवार शाम को गलियाकोट रोड़ पर गायत्री शक्तिपीठ के पास श्रीरामचंद्र मिशन सहज मार्ग स्पिरिचुअलिटी फाउंडेशन के कान्हा आश्रम में सैंकड़ों अभ्यासियों को सहज मार्ग राजयोग का अभ्यास कराया। इससे पहले स्थानीय आश्रम के प्रमुख प्रदीप कुमार भट्ट के नेतृत्व में महेंद्र सिंह चौहान, रमेश चंद्र सुथार, भरत सुथार, शिव लाल पाटीदार, सतीश जोशी, डायालाल पाटीदार, राजेश सूत्रधार, भावेश जोशी, धर्मेंद्र मेहता, राकेश सेवक, धीरज मेहता समेत स्थानीय अभ्यासियों ने बुके भेंट कर दाजी का स्वागत किया। शाम को जिलाकलेक्टर डॉ इंद्रजीत यादव और डीएफओ एसआर जाट ने आश्रम में पहुंचकर दाजी से मुलाकात की। दाजी ने हैदराबाद आश्रम से फॉरेस्ट बाय हार्टफुलनेस शुरू की गई प्राकृतिक वन को पुनर्जीवित करने की तकनीक के



बारे में बताया। दाजी के सानिध्य में कलेक्टर यादव, डीएफओ जाट, हैदराबाद से आई तकनीकी विशेषज्ञ डॉ अनन्या एस राव और फॉरेस्ट बाय हार्टफुलनेस प्रोजेक्ट हैदराबाद के मैनेजर सर्वानन द्वारा आश्रम परिसर में स्थानीय प्रजाति के पौधे लगाकर राजस्थान में इस मुहिम की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर अपने संबोधन में दाजी ने घटते वन और पेड़ पौधों को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज लोग पेड़ पौधे लगाने के बजाय पुराने पेड़ पौधों को काटते जा रहे हैं। जिससे वहां के स्थानीय प्रजातियों के पेड़ पौधे विलुप्त होते जा रहे हैं। इन स्थानीय प्रजातियों को पुनर्जीवित कर वनों को वापस पुनर्जीवित करने होगा। इस अवसर पर प्रधान ईश्वर लाल सरपोटा, गायत्री शक्तिपीठ के परिजन, विद्यानगर के पदाधिकारियों के साथ ही डूंगरपुर, बांसवाडा, उदयपुर व आसपास क्षेत्र के हार्टफुलनेस के सैंकड़ों अभ्यासी मौजूद रहे।

# सीमलवाड़ा से मांडली एवं धंबोला से बांसिया सड़क बनी सरदर्द, ठेकेदार ने निर्माण कार्य कर रखा बंद, वाहन संचालक परेशान

**सीमलवाड़ा ।** चौरासी विधानसभा क्षेत्र की बहुचर्चित सड़क सीमलवाड़ा से मांडली एवं धंबोला से बांसिया सड़क वाहन संचालकों के लिए सरदर्द बन गई है। लोक निर्माण विभाग खंड सीमलवाड़ा क्षेत्र की यह सड़क जोकि गुजरात सीमा को जोड़ती है और व्यापारिक दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण सड़क है। लेकिन सड़क की दयनीय हालत देख जनप्रतिनिधियों ने भी मौन धारण कर रखा है। यह सड़क 19 किमी लंबाई नवीनीकरण को लेकर 19 करोड़ का बजट जारी किया, टेंडर भी जारी होकर ठेकेदार ने कार्य भी कछुआ चाल से शुरू किया था लेकिन यह कार्य भी तीन माह से बंद पड़ा है। सड़क पर अनगिनत खड्डे होने से छोटे वाहनधारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। इन खड्डों में बारिश का पानी जमा होने से स्थिति और भी गंभीर बन



गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ठेकेदार ने यह टेंडर 30 प्रतिशत कम दर में लिया है, ऐसे में निर्माण की गुणवत्ता गोल दिखाई दे रही है। सड़क पर ठेकेदार द्वारा पहला चरण का डामर भी किया लेकिन डामर पूरी उखड़ चुकी है। ग्रामीणों ने दीपावली से पूर्व सड़क नवीनीकरण कार्य पूरा कराने की मांग की है। दूसरी ओर सहायक अभियंता रतन लाल कलासुआ ने बताया कि निर्माण कार्य अभी अधूरा है और बंद भी। जल्द ही गुणवत्तायुक्त निर्माण शुरू कराया जाएगा। पंचायत समिति सदस्य विमल प्रकाश डोडियार, समाजसेवी विनोद कटारा, घुवेड सरपंच मुकेश खांट, सूरज देवी डोडियार, पूंजीलाल भगोरा सहित ने बताया कि दीपावली से पूर्व सड़क निर्माण कार्य पूरा करवा दिया जाय। साथ ही बताया कि कार्य शुरू नहीं होने पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# शरदोत्सव पर आज पोल का कोठा व गोवाड़ी में गरबा रास होगा

**सागवाड़ा।** शरद पूर्णिमा पर नगर के पोल का कोठा व गोवाड़ी में परम्परागत गरबा रास का आयोजन होगा। पोल का कोठा शरद पूर्णिमा समिति के तत्वाधान में शरद पूर्णिमा के गरबो का आयोजन पोल का कोठा पर कल आयोजित होगा। समिति के नानालाल दर्जी ने बताया की प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा गरबा कार्यक्रम पोल का कोठा सागवाड़ा पर आयोजित होगा उसके पूर्व समिति की बैठक आ आयोजन किया गया जिसमे गत वर्ष का से व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया साथ ही बैठक में किशोर भावसार द्वारा बताया गया की गुजरात की आर्केस्टा पार्टी के साथ साउंड भी गुजरात के विशेष मंगवाया जा रहा है। समिति के विजय पंचाल एवम प्रभुलाल मोची मंच का कार्य सौंपा गया ।अंकित भावसार एवम संजय भावसार को लाईट डेकोरेशन की व्यवस्था साथ ही अन्य व्यवस्था के लिए कमेठियो को व्यवस्था सौपी गई। बैठा में संचालन हितेंद्र भावसार एवम राजा राठौड़ ने किया एवम आभार बदामीलाल पंचाल ने माना। इस अवसर पर समिति के प्रद्युमन शाह, राजा राठौड़ ,नीरज पंचाल , भगवती पंचाल, जिग्नेश भावसार , मुरलीधर , संजय भावसार ,अंकित ,हितेश , जतिन सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

वहीं गोवाड़ी के हनुमान चौक पर जय अम्बे गरबा मंडल व शरदोत्सव समिति के संयुक्त तत्वाधान में गरबा रास का आयोजन होगा।

# आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की मौत, सात अन्य झुलसे

**जयपुर।** राजस्थान के पाली और चित्तौड़गढ़ जिले में शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हो गई और सात अन्य लोग झुलस गए हैं. पुलिस ने बताया कि पाली के रोहट थाना क्षेत्र के अंतर्गत चोटिला गांव में शनिवार को खेत में काम करने के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से तीन महिलाओं रूपी (40), रूकमा ऊर्फ रूकिया (30), प्रेम देवी (45) की मौत हो गई जबकि सात अन्य लोग झुलस गए हैं. रोहट थानाधिकारी उदय सिंह शेखावत ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से झुलसे सात लोगों में से पांच की हालत गंभीर है और उन्हें उपचार के लिए जोधपुर रेफर किया गया है. पुलिस ने बताया कि चित्तौड़गढ़ के बेंगू थाना क्षेत्र में अपने घर के बरामदे में बैठे सूंडा लाल कंजर नामक व्यक्ति की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई.मौसम विभाग के प्रवक्ता के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश और कुछ स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गई.जयपुर मौसम केंद्र के प्रभारी राधेश्याम शर्मा के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान के लगभग सभी स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश, सवाई माधोपुर और कोटा जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश व एक-दो स्थानों पर अति भारी बारिश दर्ज की गई है.

# गायत्री शक्तिपीठ में निःशुल्क शुद्धि कैम्प 20 नवंबर से

**सागवाड़ा।** गायत्री शक्तिपीठ में 20 से 29 नवम्बर तक 9 दिवसीय नि:शुल्क आवासीय चिकित्सा शिविर आयोजित होगा। जिला संयोजक भूपेंद्र पंड्या ने बताया कि नव दिवसीय शिविर में तन शुद्धि व मन शुद्धि की जाएगी जिसमें तन शुद्धि के लिए प्राकृतिक चिकित्सा, योग, प्राकृतिक आहार, प्राकृतिक रसाहार होगा वहीं मन शुद्धि के लिए प्राणायाम व स्वाध्याय एवं आत्मा शुद्धि के लिए गायत्री महामंत्र जप, गायत्री यज्ञ व ध्यान होगा।

कार्यक्रम के तहत 20 से 29 नवंबर 2022 तक 24,000 गायत्री महामंत्र का 9 दिवसीय लघु अनुष्ठान, यज्ञ,नैतिक संस्कृति परक उद्बोधन, स्वाध्याय एवं तनः शुद्धि हेतु प्राकृतिक चिकित्सा, जलनेति, वमन, एनीमा, प्राकृतिक आहार, योग, व्यायाम, प्राणायाम, ध्यान, का अद्भुत प्रयोग किया होगा। शिविर में 50 लोगों के लिए व्यवस्था है अतः इच्छुक व्यक्ति अपना पंजीयन करा सकते है।